J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# THE TRIBUNE

## JC BOSE VARSITY STUDENTS FELICITATED

**Faridabad:** Students of the Department of Communication and Media Technology, JC Bose University of Science and Technical University, YMCA, Faridabad, have been felicitated for their contribution to the project work for the National Power Training Institute (NPTI), Faridabad. The NPTI conducts various academic, training and capacity-building programmes for the power sector. The students were awarded with the certificate of appreciation by the Director-General of the NPTI, Dr Tripta Thakur, in the presence of Vice-Chancellor Prof Sushil Kumar Tomar. The students, who were felicitated include Ankur Tripathi, Deepu, Harsh, Anirudh and Aastha Dutta. All were students of BJMC-III. Besides, Assistant Professor Dr Rahul Arya and production assistant Ram Raspal Singh were also awarded with the certificate of appreciation.

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# PIONEER

## तीन दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन

### कार्यशाला में भरत मुनि के नाट्यशास्त्र और रस सिद्धांत पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में रंगमंच कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**नाट्य** कला में बुनियादी कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के साहित्य एवं भाषा विभाग द्वारा तीन दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। रंगमंच कार्यशाला का संचालन रंगमंच कलाकार एवं विवि के पूर्व छात्र हर्षवर्धन चतुर्वेदी द्वारा किया जा रहा है।

कार्यशाला की शुरुआत कुलपति प्रो. एसके तोमर के संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने रंगमंच की भूमिका पर बल दिया और कहा कि रंगमंच सही मूल्यों की बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उद्घाटन सत्र में डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने इस तरह की अभ्यास-उन्मुख कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने की। उन्होंने इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से रचनात्मक प्रवाह पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कि भाषा और साहित्य से संबंधित पाठ्यक्रम लोकप्रिय हो रहे है, क्योंकि वे डिजिटल मानविकी और प्रदर्शन कला के रुझानों से जुड़े हुए हैं। कार्यशाला के दौरान हर्षवर्धन ने भरत मुनि के नाट्यशास्त्र और रस सिद्धांत पर चर्चा की। उन्होंने रस, भाव के रंग सिद्धांत की व्याख्या की और कुछ प्रसिद्ध नाटककारों का उल्लेख किया। उन्होंने ई-साहित्य की तुलना में भौतिक पुस्तकों को पढ़ने के महत्व पर भी बल दिया। कार्यशाला के दौरान हर्षवर्धन ने नाटक के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर व्याख्या करने के लिए विभिन्न नाट्य अभ्यासों का आयोजन किया। आयोजन सचिव ममता ने कार्यशाला में प्रायोगिक रंगमंच पर बल दिया। अंत में कार्यशाला संयोजक डॉ दिव्यज्योति सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया रखा।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# PIONEER

# देश के 10 शिक्षण संस्थानों में जेसी बोस शामिल

## स्वयं-एनपीटीईएल पोर्टल पर विवि के विद्यार्थियों की भागीदारी है सबसे ज्यादा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनपीटीईएल रैंकिंग सार्टिफिकेट के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर कुलसचिव डा. एसके गर्ग व अन्य।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के 4700 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है तथा विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एएए' ग्रेड के साथ मूल्यांकित किया गया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में पिछले 10 सेमेस्टर में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्टार प्रमाणन भी प्राप्त हुआ है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विशेष रूप से डिजिटल प्रकोष्ठ, मूक्स संयोजकों और आनलाइन पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जो शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए गुणवत्ता मानकों को दर्शाता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, कुलपति के सलाहकार प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (एफआईसी) प्रो कोमल कुमार भाटिया, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो अतुल मिश्रा, डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ नीलम दुहन और डिजिटल मामले प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित थे। स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर की जारी की गई ताजा रेटिंग में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 10 शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने वाला हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है।

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# HINDUSTAN

## कार्यशाला में छात्रों को दी रंगमंच से जुड़ी जानकारी

**आयोजन**

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** छात्रों को नाट्य कला में बुनियादी कौशल और प्रशिक्षण देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में गुरुवार को साहित्य एवं भाषा विभाग की ओर से तीन दिवसीय रंगमंच कार्यशाला की शुरुआत हुई।

कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि रंगमंच सही मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने की। रंगमंच कार्यशाला का संचालन रंगमंच कलाकार एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हर्षवर्धन चतुर्वेदी ने किया। कार्यशाला के दौरान हर्षवर्धन ने भरत मुनि के नाट्यशास्त्र और रस सिद्धांत पर चर्चा की।

उन्होंने रस, भाव के रंग सिद्धांत की व्याख्या की और कुछ प्रसिद्ध नाटककारों का उल्लेख किया। साथ ही ई-साहित्य की तुलना में भौतिक पुस्तकों को पढ़ने के महत्व पर भी बल दिया। आयोजन सचिव ममता ने कार्यशाला में प्रायोगिक रंगमंच पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर कार्यशाला संयोजक डॉ दिव्य ज्योति सिंह ने सभी का आभार जताया।



जेसी बोस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को नाट्य कला की बारीकियां सिखाते रंगमंच कलाकार हर्षवर्धन चतुर्वेदी। •हिन्दुस्तान

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

## AAJ SAMAJ

# ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने वाले देश के 10 शिक्षण संस्थानों में जेसी बोस विवि शामिल

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के 4700 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है तथा विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में ह्यएएएह्व ग्रेड के साथ मूल्यांकित किया गया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में पिछले 10 सेमेस्टर में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्टार प्रमाणन भी प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विशेष रूप से डिजिटल प्रकोष्ठ, मूक्स संयोजकों और आनलाइन पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जो शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए गुणवत्ता मानकों को दशार्ता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एसके गर्ग, कुलपति के सलाहकार प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (एफआईसी) प्रो कोमल कुमार भाटिया, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो अतुल मिश्रा, डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ नीलम दुहन और डिजिटल मामले प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित थे।



स्वयं-एनपीटीईएल रैंकिंग सर्टिफिकेट के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर, कुलसचिव डॉ एसके गर्ग तथा डिजिटल मामले प्रकोष्ठ के सदस्य।

विश्वविद्यालय में डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दूहन, जोकि विश्वविद्यालय में एनपीटीईएल कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए एकल संपर्क (एसपीओसी) हैं, ने बताया कि एनपीटीईएल ने जनवरी से अप्रैल 2022 तक भागीदारी करने वाले शीर्ष क्रम के 100 संस्थानों की सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन, उत्तीर्ण प्रतिशत और शीर्ष स्थान प्राप्त करने जैसे चुनिंदा मापदंडों के आधार पर 8वां स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय मूक्स के सफल समापन पर छात्रों को क्रेडिट भी प्रदान कर रहा है। डॉ. दूहन ने कहा कि स्वयं-एनपीटीईएल पर विश्वविद्यालय के प्रदर्शन में निरंतरता है और इसे लगातार प्रदर्शन के आधार पर स्टार प्रमाणन भी मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सेमेस्टर के दौरान विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर में प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान दिया गया है।

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# DAINIK JAGRAN

## पौधों के साथ भावनात्मक जुड़ाव से बनेगी बात : प्रो. एसके तोमर

**जा. फरीदाबाद** : जेसी बोस विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने बृहस्पतिवार को एक माह तक चलने वाले पौधारोपण अभियान के तहत कटहल व अमरूद के पौधे लगाए।

उन्होंने जीवन में रिश्तों के महत्व पर बल दिया और कहा कि रिश्ते पौधों की तरह हैं। हम उन पर ध्यान नहीं देंगे तो वह मर जाएंगे। उन्होंने छात्रों से पौधों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाने और उनकी उचित देखभाल करने का आह्वान किया। वाईएमसीए इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक डीआर मल्होत्रा और पूर्व कुलसचिव आइजे गिरधर विशिष्ट अतिथि थे।

कुलसचिव डा. एसके गर्ग, प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डा. रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी परिसर में कटहल का पौधा लगाने के बादउसमें पानी डालते कुलपति प्रो.एसके तोमर ( जैकेट पहने हुए ) व तिलकराज ● सौ.विश्वविद्यालय

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## आनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने वाले देश के 10 शिक्षण संस्थानों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

फरीदाबाद, 21 जुलाई। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के 4700 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है तथा विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एएए' ग्रेड के साथ मूल्यांकित किया गया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में पिछले 10 सेमेस्टर में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्टार प्रमाणन भी प्राप्त हुआ है।

**NEWS CLIPPING:22.07.2022**

## AMAR UJALA

# वाईएमसीए को 8वां स्थान

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें वाईएमसीए ने 8वां स्थान हासिल किया। संवाद